हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

Faculty of Information Technology & Computer Science

Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

**Postgraduate**
- MCA • M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science • PGDCA
- Master of Animation & VFX

**Diploma**
- Diploma in Computer Applications (DCA)

**New-Age Specialisations**
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi TECH ANIMATION

**Powered by Industry Experts**
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari | eblu for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

**Top Recruiters**
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**
Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

**खबर संक्षेप**

### ऊर्जा संकट और खाद समस्या से निपटने गोबर खरीदी करने की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के



उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर प्रदेश में संभावित ऊर्जा संकट और खाद की कमी से निपटने के लिए गौठानों को पुनः सक्रिय करने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि पिछले एक माह से मध्य एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत को तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके चलते देश में ऊर्जा संकट की स्थिति बन रही है और आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की किल्लत होने की आशंका है। देशमुख ने यह भी उल्लेख किया कि यूरिया खाद के निर्माण के लिए आवश्यक गैस, फास्फेट और पोटाश जैसे कच्चे पदार्थों की आपूर्ति भी मुख्यतः विदेशों से होती है, जिसमें बाधा आने की संभावना है। इससे किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ में गौठानों के माध्यम से गोबर खरीदी तत्काल प्रारंभ की जाए। गोबर से कंडे (उपले) बनाकर उज्ज्वला गैस उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों को रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

## 4 बार की अध्यक्ष नीता जैन और 4 बार के सचिव रविशंकर सिंह फिर मैदान में

# अधिवक्ता संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद 64 मैदान में, 4 को मतदान, 5 को मतगणना

**अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में, जनसंपर्क का दौर शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। शुक्रवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों ने संपर्क साधना शुरू कर दिया है। अध्यक्ष पद के लिए 8, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 7, महिला उपाध्यक्ष के लिए 5, सचिव के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए 4, सहसचिव समान्य के लिए चार, महिला के लिए तीन, ग्रंथपाल तीन, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए दो, महिला वर्ग के लिए तीन मैदान में हैं। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के लिए 18 और महिला कार्यकारिणी सदस्य के लिए 4 ने दावेदारी ठोकी है। बता दें कि अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर जोरआजमाइश शुरू हो चुकी है।

कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म खरीदने वाले साबिर चौहान ने फार्म ही नहीं जमा किया। इसके अलावा राकेश यदु सहसचिव और ज्ञानप्रकाश तिवारी ग्रंथालय सचिव के पद पर चुनाव लड़ रहे हैं।



### कार्यकारिणी सदस्य के लिए 18 लोगों ने लिए फार्म

कार्यकारिणी सदस्य के लिए गुरुवार को ही 18 सदस्यों ने फार्म लिए। इनमें राजकुमार गुप्ता, मुकेश पांडेय, यीतेंद्र राजपूत, आनंद तिवारी, राजेश नायक, केशव वर्मा, शिव कुमार उइके, अमर जैन, बबीता गिरी, आदित्य चंद्रपक्षी, संजय विश्वकर्मा, अपर्णा मुखर्जी, जीवन लाल कोठले, कमल नयन चतुर्वेदी, शमीम बानो रिजवी, रविश राजपूत, निखिल सिंह, रंजित मिश्रा शामिल हैं। महिला वर्ग के लिए अनामिका गुहाराम, बॉबी ठाकरे, पुष्पा मोरिषा, गायत्री उपाध्याय शामिल हैं। शुक्रवार की दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक नाम वापसी की पूरी प्रक्रिया हुई। 4 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बार रूम क्रमांक 4 में मतदान होगा। 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से मतगणना और इसके अगले दिन यानी 6 अप्रैल को कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना होगी।



### अध्यक्ष पद के लिए 8 अधिवक्ताओं ने फॉर्म लिया

जानकारी के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए उमा भारती साहू, नीता जैन, मधूप शर्मा, गुलाब सिंह पटेल, संगीता सिंह, गिरीश चंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, देवेंद्र गुप्ता मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद फिलिप्स, प्रशांत जोशी, नीरज सिंह राठौर, चंद्रकांत चंदेल, पं. अजय मिश्रा, दिनेश सिंह राजपूत, बृजेश शुक्ला, महिलाओं में जया कुमारी श्रीवास्तव, रेखा रॉय, गुंजा सोनी, ललिता जोशी, सचिव रविशंक सिंह, हेमंत मिश्रा, विजय चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, साकेत मिश्रा, अमित अग्ने, प्रशांत अग्रवाल, सहसचिव कृष्णराज चंदेल, सुमित रंजन दत्ता, राकेश यादव, राकेश यदु, महिलाओं में शशि यादव, संध्या, पूनम ताम्रकार, ग्रंथपाल के लिए ढालसिंह देवांगन, अजय शर्मा, ज्ञान प्रकाश तिवारी, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए रविशंकर मानिकपुरी, गुरुमीत सिंह, महिला वर्ग के लिए मोनिका सिंह, दशोदा, किरण गुप्ता शामिल हैं।

# आने वाला समय सहकारिता का, ग्रामोद्योग के साथ मिलकर करेगा काम, बढ़ेगी निर्भरता




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ मंत्री ने किया सहकारी बैंक के नए भवन का भूमिपूजन

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के प्रधान कार्यालय के नए भवन का मंत्री गजेंद्र यादव ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने की। महापौर अल्का बघमार, बीजेपी के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, नरेश यदु, शिव चन्द्राकर, रमाकांत द्विवेदी, टिकाराम साहू, दुर्ग जनपद अध्यक्ष खिलेश्वरी देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

बैंक के सीईओ एसके वर्मा ने कहा गया कि 11 महिने में 2.77 करोड़ की लागत से तीन मंजिला भव्य भवन शीघ्र निर्मित होगा। प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि सहकारिता किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए है और इसी क्रम में बैंक मुख्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ पूजन अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने अत्यंत कम समय में मंत्री जी द्वारा बैंक आगमन के लिए समय देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। गजेन्द्र यादव ने कहा कि रामनवमीं के अवसर पर काम शुरू हुआ है। सहकारिता के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं सहित भवन का निर्माण होने से किसानों को सुविधाएं मिलेगी। आने वाले समय में ग्रामोद्योग एवं सहकारिता मिलकर कार्य करेंगे। समितियों के भण्डारण क्षमता में वृद्धि के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करेंगे। आभार प्रदर्शन नरेश यदु और मंच संचालन हृदेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर पवन शर्मा, दिलीप साहू, शिवेन्द्र परिहार, साजन जोसेफ, श्यामलाल साहू, बैंक अधिकारी कुसुम ठाकुर, केके नायक, धीरेन्द्र देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

# मोबाइल वैन और माइक के माध्यम से उपभोक्ताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ 31 तक पात्र उपभोक्ताओं को जोड़ने का है लक्ष्य

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दुर्ग नगर संभाग में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता रवि कुमार दानी ने बताया कि नगर संभाग दुर्ग के अंतर्गत आने वाले बोरसी, बघेरा, दुर्ग शहर और जवाहर नगर जोन में 13 मार्च से निरंतर




शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मोबाइल वैन और माइक के माध्यम से पात्र उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।

### पात्र बीपीएल उपभोक्ता ने कराया पंजीयन

संभाग के सभी 84 पात्र बीपीएल उपभोक्ताओं और 7 पात्र कृषि उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। आंकड़ों के अनुसार, बीपीएल श्रेणी में 6 उपभोक्ताओं ने 2200 रुपए, कृषि श्रेणी में 5 उपभोक्ताओं ने 20103 रुपए और एपीएल श्रेणी के 180 पात्र उपभोक्ताओं में से 86 के पंजीयन के साथ 24 उपभोक्ताओं ने 24,800 रुपए की राशि जमा कर दी है। विभाग का मुख्य फोकस अब शेष एपीएल उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने पर है।

### मीटर रीडर घर जाकर कर रहे संपर्क

दानी ने बताया कि योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय टीम और मीटर रीडर घर-घर जाकर पात्र उपभोक्ताओं से सीधा संपर्क कर रहे हैं। इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और उपभोक्ताओं को योजना में शामिल करने हेतु प्रेरित करने वाले मीटर रीडरों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया है। 31 मार्च तक संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस छूट का लाभ उठा सकें।

# मोदी सरकार का श्रीराम नवमी पर एक ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



■ केन्द्र सरकार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क में की कटौती

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने पेट्रोल और डीजल पर भारी कटौती करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूरी केन्द्र सरकार के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार माना है और इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क में भारी कटौती की है।

पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपए घटाकर मात्र 3 रुपए कर दिया गया है, जबकि डीजल पर शुल्क पूरी तरह समाप्त कर शून्य कर दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में भी केन्द्र सरकार ने यह निर्णायक कदम सुनिश्चित किया है कि आम उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने से इसका लाभ देश की 140 करोड़ जनता को होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट के दौर में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया है इसके लिए पुनः केन्द्र की मोदी सरकार को बधाई।

# राइस मिलरों की टैगिंग नहीं, हथखोज गोदाम में चावल जमा करना बंद, 20 साल से हो रहा था चावल जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ सेंट्रल से नियमों के बदलाव को मार्कफेड कर रहा फॉलो

राइस मिलरों की टैगिंग नहीं होने की वजह से 20 साल पुराना हथखोज गोदाम बंद हो गया है। इस गोदाम में चावल जमा नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से 400 मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इन सभी हमालों का जिविकोपार्जन औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में स्थित नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में कार्य करने पर निर्भर था लेकिन अब उनके पास कोई काम नहीं रह गया है। नागरिक आपूर्ति निगम ने इस वर्ष इस गोदाम से मिलरों का टैगिंग नहीं किया है, नतीजन यहां चावल का भण्डारण नहीं होने से वहां काम कर रहे हमालों के पास कोई काम नहीं रह गया है। नागरिक आपूर्ति निगम के अप्रत्याशित निर्णय के तहत हथखोज गोदाम में चावल जमा नहीं करने से कोई काम मिलना बंद हो गया है। मजदूरों के परिवार का भरण पोषण और बच्चों की शिक्षा दीक्षा में प्रश्न चिन्ह उभर आया है। लम्बे समय से यहां हमाली करने वालों को यह समझ नहीं आ रहा है कि अब आधी उम्र बीतने के बाद वे कहां जाकर काम शुरू करें।

**400 हमालों के समक्ष रोजी-रोटी का भी संकट**

### 2006 से हो रहा था चावल का भंडारण

हथखोज में छ.ग. राज्य भण्डार गृह निगम के द्वारा किराए पर लेकर नागरिक आपूर्ति निगम का चावल वर्ष 2006 से भण्डारित किया जा रहा था। यह गोदाम ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज के बाजू में है जहां ट्रकों के आवागमन की सुविधा चौबीसों घण्टे रहती है। यहां हमाल पर्याप्त मात्रा में उपलबों होने के कारण चावल की अनलोडिंग, लोडिग एवं स्टेकिंग की सुविधा अन्य गोदामों की तुलनों में काम शीघ्र होता है।

### हमालों ने लगाई गुहार

हमाल संघ ने इसकी गुहार पत्र के माध्यम से प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय , खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव , दुर्ग सांसद विजय बघेल , स्थानीय विधायक डोमन लाल कोर्सवाड़ा, कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह, नान के चेयरमैन संजय श्रीवास्तव, मार्कफेड के चेरयमैन शशिकांत द्विवेदी , मार्कफेड के एम.डी. जितेन्द्र शुक्ला एवं नान के एमडी से लगाई है। उन्होने अपील की है कि हथखोज गोदाम में फिर से चावल का भंडारण, चालू करवाया जाए जिससे उनको रोजगार मिले तथा उनके परिवार का भरण पोषण तथा बच्चों की शिक्षा दीक्षा हो सके।

**नियमों में बदलाव**

मार्कफेड के अधिकारी दीपिका जायसवाल कहा कि सेंट्रल से नियमों बदलाव आया है। इसलिए हथखोज गोदाम के लिए टैगिंग नहीं की गई है।

# चोरी करने वाले दो युवक पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि श्याम नगर तेलगू मोहल्ला कैम्प 1 निवासी यू. येल्लमा के मकान में 8 फरवरी मकान में ताला जड़कर विशाखापटनम गई थी। वापस आने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। घटना की शिकायत पुलिस से की थी। जांच में पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया। पुलिस ने शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी विवेक मिश्रा, सुंदर नगर कैम्प 1 एस. जगन और अपचार बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के पास से पुलिस ने एलईडी टीवी, होम थिएटर, चांदी का कड़ा, चांदी का कटोरा, 16 पीतल के ग्लास, 6 नग पीतल की गुंडी, 6 पीतल का लोटा, 3 प्याला जब्त किया गया है।

# मामूली विवाद में प्राणघातक हमला मौत के बाद आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

विवाद के चलते मजदूर पर प्राणघातक हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि ग्राम समोदा निवासी गोविंद यादव 20 मार्च को आरोपी समोदा के परमेंद यादव राइस मिल में काम करता है। नशे की हालत में गोविंद पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल मजदूर गोविंद को श्री शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 6 दिनों बाद मजदूर की मौत हो गई। आरोपी परमेश्वर यादव के नशे में काम को लेकर मृतक से विवाद कर रहा था।

# ग्रामीण कांग्रेस के 61 पदाधिकारियों को प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ने संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा एवं ऐतिहासिक कदम उठाया है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला कार्यकारिणी के 61 पदाधिकारियों को विभिन्न संगठनात्मक प्रभार सौंपते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने का रोडमैप तय किया है। 9 ब्लॉक, 39 मंडल एवं विभिन्न विभागों में जिम्मेदारियां तय की गई हैं, जिससे पार्टी की गतिविधियों को गांव और बूथ स्तर तक विस्तार देने की रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं और जब जिम्मेदारी स्पष्ट होती है, तो परिणाम भी प्रभावी आते हैं। हमारा लक्ष्य है कि कांग्रेस की नीतियां, विचारधारा और जनहित के मुद्दे सीधे आम जनता तक पहुंचे। राजीव गुप्ता महामंत्री को संगठन एवं प्रशासन का प्रभारी महामंत्री बनाया गया है। विक्रांत अग्रवाल कोषाध्यक्ष को वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ जिलाध्यक्ष के साथ समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। हीरा वर्मा कुम्हारी, प्रमोद राजपूत भिलाई-3 चरोदा, राम सूर्यवंशी जामगांव-आर, भुवन साहू पाटन, जयश्री वर्मा जामुल, पुरुषोत्तम तिवारी अहिवारा ग्रामीण, प्रकाश ठाकुर धमधा, दुर्गा गजभिये दुर्ग ग्रामीण, जामवंत गजपाल अहिवारा नगर को प्रभारी बनाया गया है। अहिवारा, साजा, पाटन एवं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में मंडल स्तर पर भी व्यापक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें रवि प्रकाश ताम्रकार, पवन पटेल, धर्मेंद्र साहू, लोचन यादव, सुमन वर्मा, सुमित नारंग, महेंद्र निषाद, रोहित यादव, राजेश मानिकपुरी, ज्वाला प्रसाद साहू, बंटी वैष्णव, श्यामाचरण मनहर, राजा राम गहिरवार, ओम नारायण वर्मा, सुरेंद्र गायकवाड़, उत्तरा कोसरे सहित अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सामान्य सभा की बैठक 2 को, हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 02 अप्रैल को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर एक बजे आयोजित की गई है। बैठक में गौधाम योजना, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जल संसाधन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी। जानकारी के मुताबिक पेयजल की किल्लत को लेकर सदस्यों द्वारा बैठक में हंगामा किया जाएगा। विशेष रूप से धमधा क्षेत्र में पानी की समस्या ज्यादा है, भूजलस्तर तेजी से गिर रहा है।

# 15वें वित्त आयोग से दुर्ग निगम को 10 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ सड़क, पेयजल व स्वच्छता कार्यों को मिलेगी

नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा शहर में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नॉन मिलियन प्लस सिटी के तहत शासन द्वारा नगर निगम को कुल 10 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। उक्त राशि से शहर के विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों को गति प्रदान करने योजनाबद्ध तरीके से प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल राशि में से 4 करोड़ रुपये सड़क, नाली निर्माण, विद्युतीकरण सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों के लिए प्रस्तावित किए जाएंगे। वहीं 3 करोड़ रुपये की राशि पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार जैसे कार्यों के लिए प्रेषित की जाएगी। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्रकार, एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्रकार,नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### चार तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

बैठक के दौरान लोक कर्म, स्वास्थ्य, जलकार्य एवं विद्युत विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। शहर के चार प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण, पाइपलाइन विस्तार, सड़क निर्माण, नाली एवं नालों के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों से पिछले एक वर्ष में हुए डामरीकरण एवं सीमेंटीकरण सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू किया जाए। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने एवं जरूरत पड़ने पर कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए गए।

### 60 वार्डों में ग्लो साइन बोर्ड लगाने के निर्देश

इसके अलावा गवली पारा से चंडी मंदिर तथा शीतला मंदिर से कंकालिन मंदिर तक विद्युत पोल स्थापना के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। बैठक में मोर जमीन मोर वार्ड योजना के अंतर्गत सभी 60 वार्डों में एसीपी बोर्ड एवं स्टेनलेस स्टील ग्लो साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए।डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लगे 582 स्वच्छता मित्रों को सुरक्षा उपकरण एवं वर्दी उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए शासन स्तर से लगातार राशि स्वीकृत कराई जा रही है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की वित्तीय कमी नहीं आने दी जाएगी।

पेज 11 के शेष...

### श्री शिव महापुराण कथा...

योगेश तिवारी ने कहा कि श्री शिव महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला महान मार्गदर्शक है। भगवान शिव त्याग, तपस्या, करुणा और सरलता के प्रतीक हैं, जिनसे हमें जीवन में संतुलन, धैर्य और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच का विकास होता है तथा लोगों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारा और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है। विशेष रूप से गांवों में इस प्रकार के आयोजन हमारी सनातन परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ते हैं। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा एवं क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

### नारी सशक्त होगी...

उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वसहायता समूह की महिलाओं का विशेष रूप से सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों से नारी सशक्तिकरण की मिसाल पेश की है,इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, ब्रह्मकुमारी संस्था की दीदी सुनीता, दीदी रीना साहू, जयश्री सोनी एवं ममता साहू सहित कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं,कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, फूलों की होली और पारंपरिक होरी गीतों ने माहौल को आनंदमय बना दिया। अंत में सभी ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण का संकल्प लिया ।

### भूमिहीन कृषि मजदूरों...

योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन को मजबूती मिल रही है और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी सोच को जमीनी स्तर पर उतारा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि "मोदी की गारंटी" के तहत गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए गंभीर है। नेताओं ने यह भी कहा कि इस योजना से हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिला है, जिससे उनके दैनिक जीवन में आर्थिक स्थिरता आएगी। भविष्य में यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, क्रय शक्ति और सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202683232400018/ ब-121/वर्ष 2025-26

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राईजन इंडस्ट्रीज प्रा. लि. ग्राम सरदा, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि इंडियन ऑयल कार्पोरेशन प्रा. लि. द्वारा आवेदक राईजन इंडस्ट्रीज प्रा. लि., स्काईज कमर्शियल कचना, रायपुर के नाम पर LOI (LOI/2025-26/10 Date 20-11-2025) द्वारा जारी किया गया है एवं संदर्भित पत्र द्वारा खसरा नं. 175/2, ग्राम सरदा, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा में स्वंय के उपयोग हेतु (इंडस्ट्री में उत्पादन कार्य में लगे मशीनरी हेतु पेट्रोल पंप खोले जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन (इनवर्ड नं.-17906) तथा प्राप्त प्रति के साथ कार्यालय कलेक्टर जिला बेमेतरा छ.ग. को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह नियत दिनांक 06/04/2026 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 20/03/2026 को इस न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया ।

(मुहर) तहसीलदार
बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 आने वाला समय सहकारिता का, ग्रामोद्योग के साथ मिलकर करेगा...





12 रामनवमी पर शोभायात्रा के साथ जंवारा विसर्जन




## खबर संक्षेप



### मिंटू बिसेन ने डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य मुलाकात

**नवागढ़।** भाजपा नेता मिंटू बिसेन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। बिसेन ने नवागढ़ की समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर डॉ. सिंह ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जनगोष्ठी आज होगी

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन आज 29 मार्च को किया गया है। यह कार्यक्रम शाम 04 बजे से साहू छात्रावास बिजली ऑफिस के सामने में होगा। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ सहकार भारती महामंत्री एवं प्रदेश सदस्य आर एस एस कनीराम प्रमुख तौर पर मौजूद होंगे। जिला संघ चालक ने कार्यक्रम में समाज की प्रतिष्ठित और प्रभावशाली लोगों को संवाद करने के लिए जनगोष्ठी में आमंत्रित किया है।

### सुपेला कोसा नगर कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुशंसा से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर के अध्यक्ष नरसिंह नाथ ने संगठनत्मक मजबूती के लिए पदाधिकारी की दूसरी सूची जारी की है। प्रवक्ता के रूप में मोहम्मद रज़ा सिद्दीकी, उपाध्यक्ष राजेश यादव, विष्णु बारले,मीरा देवी जांघेल, महामंत्री कीर्ति सिंह कृष्णा सिंह, युवराज चौरसिया, शाहिद खान, संयुक्त महामंत्री द्वारिका साहू दीपक साहू, सचिव आशा गौड़ ,सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र साहू को नव नियुक्ति किया गया है। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा से ही गरीब वर्गों की सेवा और शासन के गलत नीतियों के विरोध करने का कार्यों करता आ रहा है।

### बस चालक नशे में मिला, हुई कार्रवाई

**भिलाई।** नशे की हालत में बस चलाने वाले चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के मुताबिक बस दुर्ग से खैरागढ़ चलती है, बस का चालक नशे कि हालत में वाहन चला रहा था। बस सवारी से भरा हुआ था। ट्रैफिक पुलिस समय पर चालक को पकड़ लिया।

### संयुक्त यूनियन मनाएगा काला दिवस

**भिलाई।** संयुक्त ट्रेड यूनियन भिलाई (इंटक, सीटू, एटक, ऐक्टू आदि) की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को इंटक कार्यालय, सेक्टर-3 में हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल से चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया गया। इस संबंध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आव्हान पर भिलाई में भी विरोध स्वरूप काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 1 अप्रैल को शाम 6 बजे से 7 बजे तक सेल परिवार चौक, सेक्टर-6 में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। बैठक में एफएसएनएल बचाओ संघर्ष समिति द्वारा श्रमिकों की छंटनी और निजीकरण के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन और हड़ताल का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि मजदूर वर्ग को अपने अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ एक सशक्त और व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा, ताकि इन हमलों को प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

# साइबर सिक्योरिटी में आशुतोष दुबे को दिल्ली में मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छोटे शहरों से निकलकर बड़े मुकाम हासिल करने की कहानियां हमेशा प्रेरणा देती हैं, और ऐसी ही एक कहानी लिखी है नवागढ़ के होनहार युवा आशुतोष दुबे ने। साइबर सिक्योरिटी और आईटी टेक्निकल क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुके आशुतोष को दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित एशिया बिजनेस लीडरशिप अवॉर्ड समारोह में सम्मानित किया गया, जिससे पूरे नवागढ़ का मान बढ़ गया।

दिल्ली के आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर के नामी उद्योगपति और व्यवसायी शामिल हुए। इस मंच पर आशुतोष दुबे को मोस्ट ट्रस्टेड साइबर सिक्योरिटी एंड सीसीटीवी सर्विस प्रोवाइडर – छत्तीसगढ़ के खिताब से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री पटवर्धन के हाथों प्राप्त हुआ, जो इस कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं। आशुतोष दुबे ने अपने कार्य और समर्पण से यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता ने उन्हें प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इससे पहले भी उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। केवल निजी क्षेत्र तक सीमित न रहते हुए, आशुतोष दुबे समाज और सुरक्षा व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग को तकनीकी सहयोग प्रदान करते हैं और पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण देकर युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं।




### नवागढ़ के लिए गर्व की बात

पारिवारिक पृष्ठभूमि भी उतनी ही प्रेरणादायक है। वे नवागढ़ के प्रतिष्ठित कृषक सुरेश दत्त दुबे के सुपुत्र हैं तथा कृषि विभाग में अतिरिक्त उप संचालक अखिलेश दत्त दुबे के छोटे भाई हैं। नवागढ़ के लिए गर्व की बात आशुतोष दुबे की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे नवागढ़ क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। यह सम्मान युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि लगन, मेहनत और सही दिशा से किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है।

## परीक्षा : हाईस्कूल की 6713 और हायर सेकंडरी की 14292 उत्तर पुस्तिकाएं अभी शेष

# बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन अंतिम चरण में, 7 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जिले में अंतिम चरण में पहुंच गया है। नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मूल्यांकन केंद्र में 16 मार्च से लगातार कॉपियों की जांच की जा रही है। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए केंद्र को कुल 49,067 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 27 मार्च तक 42,354 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। अब केवल 6,713 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष है। इस कार्य के लिए 64 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। विषयवार स्थिति की बात करें तो हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान और गणित विषयों का मूल्यांकन पूरी तरह समाप्त हो चुका है। सामाजिक विज्ञान में 8,234 में से 7,505 कॉपियों की जांच हो चुकी है और 729 शेष हैं। वहीं संस्कृत विषय में 6,329 में से केवल 1,095 कॉपियों का मूल्यांकन हो पाया है, जबकि 5,234 कॉपियां अभी जांच के लिए बची हुई हैं। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कुल 77,243 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 62,951 का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। अभी 14,292 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच बाकी है। इस कार्य के लिए 149 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। हायर सेकेंडरी में अंग्रेजी विषय की 6,429 में से 1,688 कॉपियों की जांच हुई है और 4,741 शेष हैं। इतिहास विषय में 1,542 में से केवल 113 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ है, जबकि 1,429 अभी बाकी हैं। व्यवसाय अध्ययन में 1,213 में से 905 कॉपियां जांची जा चुकी हैं और 308 शेष हैं। अन्य विषयों जैसे भूगोल, राजनीति, भौतिकी, रसायन, गणित, लेखांकन और अर्थशास्त्र का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी एवं सहायक संचालक एस.पी. कोशले ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मूल्यांकन कार्य हर हाल में 7 अप्रैल तक पूरा किया जाए। अधिकारियों के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो रही है।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने ओपन परीक्षा केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण



बेमेतरा। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने शनिवार को ओपन परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा (सेजेस हिन्दी माध्यम), विकासखंड बेमेतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कक्षा 12वीं के जीव विज्ञान विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी। केंद्राध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जीव विज्ञान विषय में कुल 22 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें सभी 22 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या नकल का प्रकरण सामने नहीं आया।निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी चतुर्वेदी ने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने केंद्राध्यक्ष द्वारा किए जा रहे परीक्षा संचालन की सराहना करते हुए व्यवस्था को संतोषजनक बताया। इस अवसर पर सहायक केंद्राध्यक्ष पीला राम साहू, संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी, कक्ष निरीक्षक महेन्द्र चौधरी तथा पर्यवेक्षक रामगोपाल चंद्राकर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्री शिव महापुराण कथा में शामिल हुए किसान नेता योगेश



**बेमेतरा।** ग्राम बिरोदा स्थित शिव मंदिर चौक में आयोजित सात दिवसीय भव्य संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए। इस पावन अवसर पर उन्होंने कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विख्यात कथा वाचक पंडित दिलीप त्रिपाठी द्वारा श्री शिव महापुराण की दिव्य एवं प्रेरणादायक कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के दौरान भगवान शिव के चरित्र, उनकी महिमा, भक्ति और जीवन मूल्यों का अत्यंत भावपूर्ण एवं सारगर्भित वर्णन किया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। संगीतमय प्रस्तुति, भजन-कीर्तन एवं आध्यात्मिक वातावरण ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

# नारी सशक्त होगी तो समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे : निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पंचायत बेरला के मिनी माता चौक स्थित जैन भवन में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का नेतृत्व लक्ष्मी शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें जिलेभर से आई महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि “नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की आधारशिला है,जब महिला सशक्त होगी, तभी देश सशक्त बनेगा। उन्होंने महिलाओं के अधिकार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता पर जोर देते हुए उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया और ▶▶| शेष पेज 10 पर



स्वसहायता समूह की महिलाओं का सम्मान

# मुख्यमंत्री साय ने किया ‘जीएसटी सार’ एप का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छोटे से गांव धनगांव की बेटी ने बड़े मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर नवागढ़ का मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ में विकसित अत्याधुनिक मोबाइल एप ‘जीएसटी सार’ के भव्य विमोचन समारोह में नवागढ़ क्षेत्र की होनहार अधिवक्ता आस्था तिवारी की सहभागिता क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।

राजधानी रायपुर में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एप का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने इस नवाचार को जीएसटी व्यवस्था को सरल और जनसुलभ बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। इस एप की परिकल्पना अधिवक्ता विवेक सारस्वत द्वारा की गई है, जो कानून और तकनीक के संगम का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूरी तरह छत्तीसगढ़ में विकसित यह एप अब पूरे देश के लिए मिसाल बनता नजर आ रहा है। कार्यक्रम में सारस्वत एसोसिएट्स की टीम के साथ मौजूद रहीं आस्था तिवारी की उपस्थिति ने नवागढ़ क्षेत्र को विशेष पहचान दिलाई। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में पहुंची, धनगांव सहित आसपास के गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे “नवागढ़ की प्रतिभा का प्रदेश स्तर पर सम्मान” बताया। ‘एप की खासियत इसकी आधुनिक सुविधाएं हैं—एआई आधारित चैटबॉट, एचएसएस कोड फाइंडर, जीएसटी कैलेंडर, रेट फाइंडर और द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेज़ी) कानूनी सामग्री, जो हर वर्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि यह एप पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध रहेगा, जिससे छोटे व्यापारियों से लेकर आम नागरिक तक सभी लाभान्वित होंगे। नवागढ़ क्षेत्रवासियों ने आस्था तिवारी की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि न केवल एक व्यक्ति की सफलता है, बल्कि पूरे क्षेत्र की उभरती प्रतिभा और संभावनाओं का प्रतीक भी है।



## प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा सहित पदाधिकारी रहेंगे शामिल

# कलार की समाज सद्भावना यात्रा का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कलार समाज के आह्वान पर निकाली गई 11 दिवसीय सामाजिक सद्भावना यात्रा का समापन 29 मार्च को जिला मुख्यालय में होगा। यात्रा का नेतृत्व जिला अध्यक्ष बिरेंद्र जायसवाल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

यह यात्रा जिले के 95 ग्रामों का भ्रमण करते हुए ग्राम हसदा पहुंची, जहां समाज के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ एक-दूसरे को गले लगाकर सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। इसके बाद यात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए स्वयंभू मां महामाया के दरबार पहुंची, जहां आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ की परिक्रमा की गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। यात्रा पूर्ण होने के पश्चात एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में समरसता बढ़ाने, सामाजिक कार्यक्रमों में होने वाले अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण तथा पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष बिरेंद्र जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच देवलाल सिन्हा, मंडलेश्वर डॉ. ईश्वर सिन्हा, सचिव कामता सिन्हा, जनपद सदस्य रेखा पोषण सिन्हा सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। यात्रा का समापन 29 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा सहित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में कलार समाज के लोग शामिल होंगे।

95 गांवों का भ्रमण कर ग्राम हसदा पहुंचीं यात्रा



# भूमिहीन कृषि मजदूरों को एकमुश्त राशि से मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत जिले के हजारों भूमिहीन श्रमिकों को बड़ी राहत मिली है। योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से एकमुश्त राशि अंतरित किए जाने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा एवं शहर भाजपा ने इसका स्वागत किया है। पार्टी नेताओं ने इसे गरीब, भूमिहीन और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सरकार की सराहना की है।



भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरी लाल सिन्हा तथा शहर भाजपा अध्यक्ष युगल देवांगन ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इस योजना से भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक संबल मिला है। इससे न केवल उनके जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। नेताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 19,113 चिन्हित हितग्राहियों के खातों में कुल 19 करोड़ 11 लाख 30 हजार रुपए की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में सीधे लाभ पहुंचाना सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### समावेशी शिक्षा पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला

**राजनांदगांव।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) जिला परियोजना कार्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान में एक दिवसीय समावेशी शिक्षा पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन बीआरसी कार्यालय राजनांदगांव में संपन्न हुआ। कार्यशाला में एपीसी विश्वकर्मा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के अधिकारीगण, विभिन्न ब्लॉक राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया आदि से उपस्थित प्राचार्यगण, व्याख्यातागण, पालकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना से हुआ। तत्पश्चात एपीसी विश्वकर्मा ने समावेशी शिक्षा पर सबको संबोधित किया। प्रोफेसर मेश्राम ने दिव्यांगता के प्रकारों एवं उनके जीवन को बेहतर बनाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। डोंगरगांव ब्लॉक से व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने समावेशी शिक्षा पर कविता पाठ किया।

### बजरंगपुर नवागांव में मूर्ति स्थापना आज

**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज द्वारा कल रविवार को नवनिर्मित मंदिर में भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना एवं कर्मा जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू करेंगे। विशेष अतिथि जिला साहू संघ के नीलमणी साहू, कमलकिशोर साहू, मयंक हुमन साहू, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, चेयरमैन पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, इंजीनियर शेखर, राजेश साहू, राहुल चौबे उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम 11 बजे विशेष आरती, 12 बजे पदाधिकारियों का सम्मान, 01 बजे अतिथियों का स्वागत उद्बोधन, शाम 04 बजे संध्या आरती एवं प्रसादी, शाम 07 बजे नार्था दुर्ग का जस झांकी का कार्यक्रम होगा।

### गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान दिया जाता है। पहला प्रसव ऑपरेशन से, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म, वजन या ऊंचाई कम वाली, कम उम्र मं गर्भधारण करने वाली, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या अन्य बीमारी से ग्रसित महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाती है। कलेक्टर के निर्देशुनसार मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हाई उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर प्रत्येक सप्ताह दूरभाष के माध्यम से स्वास्थ संबंधी जानकारी एवं सलाह दी जा रही है। प्रसव के 15 दिन पूर्व गर्भवती माताओं के घर प्रतिदिवस मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है।

### विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 23 लाख 94 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने ग्राम रामपुर में नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 94 हजार रुपए, ग्राम मोहभट्ठा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम चिद्दो में शेड निर्माण कार्य हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम सांगिनकछार में शेड निर्माण कार्य हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम अड़ाम में अटल सद्भावना भवन निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम माथलडबरी में अटल सद्भावना भवन निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम साल्हे में शेड निर्माण कार्य हेतु 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत द्वारा राशि स्वीकृत करने के बाद अब शीघ्र ही जिले के गांवो में निर्माण काम शुरू हो जाएगें।



### गाजे-बाजे और जस गीतों के साथ जंवारा विसर्जन

**बेमेतरा।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का समापन क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ हुआ। जोत जंवारा होथे माता तोर विसरजन जैसे पारंपरिक जस गीतों की गूंज के बीच ग्रामीण अंचलों में जंवारा विसर्जन का भव्य आयोजन किया गया। ग्राम अकलवारा, कांचरी, हरडुवा, भोजेपारा और देवकर सहित आसपास के सभी छोटे-बड़े गांवों में 9 दिनों तक चली कठिन साधना, अखंड ज्योति और सेवा के बाद शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ जंवारा विसर्जन किया। ग्राम अकलवारा में विशेष उत्साह देखने को मिला। यहां श्रद्धालु सिर पर जंवारा कलश धारण कर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। जस गीतों और ढोल-मंजीरों की धुन पर थिरकते हुए भक्तों ने पूरे गांव का भ्रमण किया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने जगह-जगह जंवारा की आरती उतारकर माता रानी से परिवार और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र और सांकल के साथ चल रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति पूरे नौ दिनों तक निरंतर जलती रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अष्टमी के अवसर पर ग्राम अकलवारा के प्राचीन शीतला मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर और नवग्रह शनि मंदिर में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। विसर्जन से पूर्व मां जगत जननी की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसके पश्चात श्रद्धालु जस गीत गाते हुए पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए तालाब पहुंचे और विधि-विधान से जंवारा का विसर्जन किया। इस दौरान जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और गांव-गांव में आस्था, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।



**पर्व :** श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से मांगी सुख-समृद्धि की कामना, सेवागीत के साथ निकाली शोभायात्रा

# रामनवमी पर शोभायात्रा के साथ जंवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्रि ग्राम मटिया (बारगांव) में धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ शुक्रवार को संपन्न हुआ। रामनवमी के पावन अवसर पर नौ दिनों तक चलने वाले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान का समापन जंवारा विसर्जन के साथ किया गया। इस दौरान क्षेत्र में सुबह से ही भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। नवरात्रि के 9 दिनों तक उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने रामनवमी की तिथि पर अपना व्रत पूर्ण किया। इस अवसर पर परंपरानुसार कुंवारी कन्याओं को माता के स्वरूप में सजाकर उनका पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके पश्चात घरों और मंदिरों में स्थापित ज्योति कलशों और और बोए गए जंवारे की विशेष आरती की गई। सुबह 10 बजे से जंवारा विसर्जन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। महिलाएं और बालिकाएं अपने सिर पर गेहूं के उगे हुए जवारों के घट और खप्पर लेकर निकलीं। पूरी यात्रा के दौरान सेवागीत और जसगीत की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से शोभायात्रा का स्वागत किया।

**महाआरती में शामिल हुए भक्त, तालाब में दी विदाई :** अंत में शोभायात्रा विसर्जन स्थल (घोघवा तालाब) पहुंची, जहां माता की महाआरती के पश्चात



जंवारे जल में प्रवाहित किए गए। इसी कड़ी में ग्राम के आराध्य देवी शीतला मंदिर में भी विशेष तैयारियां की गई थीं। बड़ी संख्या में ज्योति प्रज्वलित करने वाले श्रद्धालु उपस्थित रहे। विसर्जन के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले इस आस्था के महापर्व का गरिमामय समापन हुआ।

### जस सेवा के साथ निकाली ज्योत जवांरा



**थानखमरिया।** ग्राम चीजगांव में चैत्र नवरात्र की महाष्टमी पर्व पर माता का विशेष श्रृंगार कर हवन-पूजन किया गया। प्राचीन परंपरा के अनुसार मां शीतला मंदिर में अष्टमी तिथि को नौ कन्याओं का पूजन किया गया। नवरात्रि में लगातार नौ दिनों तक भक्तों की आस्था माता रानी के लिए बनी रही। शुक्रवार की सुबह रामनवमी तिथि पर ग्राम के शीतला मंदिर व श्रद्धालुओं के घरों में स्थापित ज्योति कलश सहित जवांरा विसर्जन हुआ। मांदर की थाम व जस सेवा के साथ लालपुर-चीजगांव पहुंच मार्ग स्थित तालाब में जवारां विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों-हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## श्री राम नवमी पर नगर में भव्य शोभायात्रा में विधायक दीपेश हुए शामिल



**बेमेतरा/ बेरला।** नगर पंचायत कुसमी में श्री राम नवमी के पावन अवसर पर श्री राम सेना सनातन परिवार कुसमी द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं भव्य आयोजन में क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भक्तिभाव और उत्साह के साथ निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा नगर श्रद्धा और उल्लास में डूबा नजर आया। इस अवसर पर विधायक साहू ने भगवान श्री राम की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ओर उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा हैं। उनका जीवन सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है।

- जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा नगर, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

उन्होंने आगे कहा कि श्री राम नवमी का पर्व हमें अनुशासन, त्याग, सेवा और समर्पण की भावना अपनाने का संदेश देता है। भगवान श्री राम ने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। आज के समय में उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सद्भाव, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। विधायक श्री साहू ने आयोजन समिति श्री राम सेना सनातन परिवार कुसमी को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मोटाई मापकर परखी निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मासूम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम पटेवा से पेंड्री तक निर्माणाधीन सड़क का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर स्वयं सड़क की मोटाई मापकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का आकलन किया तथा वर्तमान प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सड़कों को बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री, लेयरिंग एवं डामरीकरण की स्थिति की विस्तृत



जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। आवश्यकतानुसार तकनीकी परीक्षण नियमित रूप से कराए जाएं। कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर सड़क निर्माण के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया ली। ग्रामीणों ने बताया कि नई सड़क बनने से स्कूल, बाजार, स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

# बालकदास के शहादत दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

नगर में शनिवार को वीर बलिदानी राजा बाबा बालकदास का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री खुशवंत साहेब का प्रथम नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। पंथी नृत्य अखाड़ा के साथ पुराना बस स्टैंड से कार्यक्रम स्थल तक रैली निकाली गई। शहादत दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खुशवंत साहेब ने कहा कि आज का दिन सतनामी समाज के साथ सर्व समाज के लिए बहुत ही स्मरणीय है।

- मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा- समानता और समरसता के प्रणेता थे गुरु बालकदास

गुरु बालक दास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज के लिए ऐसे कार्य किया जिन्हें शब्दों में गिनाया नहीं जा सकता। छुआछूत सती प्रथा व अशिक्षा के साथ पूंजीवादी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए समाज को एक दिशा दी। समाज में समानता समरसता को अधिकार मिला,



जिसकी बदौलत आज समाज आगे बढ़ रहा है। शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में हो रही प्रगति में गुरु बालक दास का आशीर्वाद है। मनखे मनखे एक समान की नीति के चलते आज समाज हर क्षेत्र में अग्रणी हो रहा है।उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के आदर्श के साथ आगे बढ़ने का सभी को संकल्प दिलाया।

शहादत दिवस पर गुरु अमरदास के जीवन पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का आयोजन 17 सरपंचों के विशेष योगदान से सम्पन्न हुआ। इन सरपंचों की मांग पर विकास के लिए जल्द कार्य योजना के साथ मुलाकात करने का आश्वासन मंत्री ने दिया। ब्लॉक स्तर में एक सामाजिक भवन के लिए भी भविष्य में स्वीकृति का भरोसा मंत्री ने दिलाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ईश्वर साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी भी मंच में उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक सरपंचों ने मुख्य अतिथि का गजमाला से स्वागत किया।

### सरपंचों ने निभायी महत्वपूर्ण भूमिका

रेखराम सोनवानी सरपंच संबलपुर, भारती टंडन सरपंच बेलतरा, लोमश कुमार सरपंच धौराभाठा, निलेश भारती सरपंच मुसुवाडीह, हिरेन्द्र भारती सरपंच गाड़ाडीह, हेमलता खेलन जोशी सरपंच चिल्की, पंचराम जांगड़े सरपंच बुन्देली, परमानंद मारकंडेय सरपंच ओड़िया, चैतराम गेंड़े सरपंच सहसपुर, इतवारी जांगड़े सरपंच गुरूसबोड़, हरदत्त साहू सरपंच कोपेडधरी, मनोज भुये सरपंच प्रतिनिधि, कन्हेरा गिरधारी निर्मलकर सरपंच खपरी, चंद्रभान ठाकुर जिला अध्यक्ष अनु. ज.जा. बेमेतरा, रामजी साहू सरपंच सोमईखुर्द, इन्द्राणी गज्जू साहू सरपंच सोमईकला, धनेश्वरी विजय साहू सरपंच भरवा कला प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश चतुर्वेदी, आभार प्रदर्शन अधिवक्ता गुलशन कुमार मनधोधरे ने किया। कार्यक्रम के दौरान विरेन्द्र चतुर्वेदी व हेमलाल चतुर्वेदी द्वारा भक्ति मय व पंथी गीत से समां बांध दिया।

**निर्धारित समय में हल कर रहे प्रश्नपत्र**

# डाइट में असाइनमेंट व प्रोजेक्ट लेखन कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान डाइट बेमेतरा में इन दिनों डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों के लिए असाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट लेखन का कार्य संचालित किया जा रहा है। यह कार्य संस्थान के प्राचार्य जे. के. घृतलहरे के मार्गदर्शन में व्यवस्थित रूप से संपन्न हो रहा है।

- छात्र अध्यापकों में बढ़ रहा लेखन कौशल

इस प्रक्रिया के तहत छात्र अध्यापकों को निर्धारित प्रश्नपत्र प्रदान किए जाते हैं, जिन्हें उन्हें डाइट परिसर में ही निर्धारित समयावधि के भीतर हल करना होता है। परीक्षा का समय प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे



से दोपहर 1:00 बजे तक तय किया गया है। प्राचार्य जे. के. घृतलहरे ने बताया कि इस असाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट लेखन के माध्यम से छात्र अध्यापकों की लेखन शैली में सुधार होगा और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होगा। साथ ही, नियमित अभ्यास से उनकी विषयगत समझ भी मजबूत होगी। प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र में चार से पांच प्रश्न दिए जाते हैं, जिन्हें 2 घंटे के भीतर हल करना अनिवार्य होता है। यह प्रश्नपत्र 20 अंकों का होता है, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित किए गए हैं। इन अंकों को वार्षिक परीक्षा में भी जोड़ा जाता है, जिसके चलते छात्र अध्यापक इसे गंभीरता और पूरी तैयारी के साथ संपन्न कर रहे हैं।

डीएलएड प्रथम वर्ष की असाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट परीक्षा में सहायक अध्यापक परसराम साहू, प्रहलाद कुमार टिकरिहा और देवी प्रसाद चंदेश्वर की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, द्वितीय वर्ष की परीक्षा में व्याख्याता यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे और श्रद्धा तिवारी जिम्मेदारी निभा रही हैं। इस पूरी परीक्षा व्यवस्था के संयोजक पीएसटीई प्रभारी एवं व्याख्याता अनिल कुमार सोनी हैं, जिनके निर्देशन में यह कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा

